महत्वपूर्ण एवं खास

किंग कोबरा को रेस्क्यू किया

कोरबा (आरएनएस)। मदनपुर क्षेत्र में चन्द्रशेखर नामक व्यक्ति द्वारा आरसीआर रस टीम से संपर्क किया गया कि उनके घर में बहुत बड़ा सा सांप है आरसी अरेस्टिंग के अध्यक्ष अविनाश यादव स्वयं तुरन्त मदनपुर क्षेत्र पहुंचे उन्होंने इसकी सूचना एसडीओआशीष को दी और उनकी अनुमति के बाद उन्होंने उस विशालकाय का रेस्क्यू किया यह विशाल काय सांप किंग कोबरा है ।इस प्रकार न केवल इस बहुमूल्य जीव किंग कोबरा के प्राणों की रक्षा की गई साथ ही आस पास के लोग भी उत्साहित दिखे । ज्ञातव्य हो कि कोरबा हर क्षेत्र में पूर्व में आर सी आर एस द्वारा किंग कोबरा रेस्क्यू किए जा चुके है। किंग कोबरा के संरक्षण से सम्बन्धित डीएफओ प्रियंका पाण्डेय द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं।

तीन छात्राओं का राज्य स्तरीय स्पर्धा के लिए हुआ चयन

कोरबा (आरएनएस)। राज्य स्तरीय वॉलीबाल स्कूल गेम्स प्रतियोगिता कबीरधाम जिले में हुई। इस प्रतियोगिता के लिए कोरबा जिले के गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल गोढ़ी की 3 छात्राओं का चयन हुआ। चयनित छात्राओं में अंडर 19 से संध्या खांडे, कुसुम व अंडर 17 में रीमा महिलांगे शामिल हैं। लगातार राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में चयन हुआ है। इसके पहले हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अंडर 14 वर्ग में छात्र निहाल भाग ले चुका है।

चिनागेलुर मुठभेड़ में गोली लगने से तर्रेम थाने का सब इंस्पेक्टर घायल

बीजापुर (आरएनएस)। जिले के तर्रेम थाना अंतर्गत ग्राम चिनागेलुर की ओर जवान गस्त सर्चिंग के लिए रवाना हुए थे। इस दौरान नक्सलियों द्वारा जवानों के ऊपर गोलीबारी कर दी, इस मुठभेड़ में तर्रेम थाना के सब इंस्पेक्टर राजेश सूर्यवंशी को गोली लगी है। कोबरा 210 बटालियन के जवानों की जवाबी कार्यवाही में नक्सली भाग खड़े हुए। बस्तर आईजी सुंदरराज पी.ने बताया कि रविवार शाम करीब 07 बजे बीजापुर के तर्रेम थाना अंतर्गत ग्राम चिनागेलुर की ओर जवान गस्त सर्चिंग के लिए रवाना हुई थी। इस दौरान नक्सलियों द्वारा जवानों पर फायरिंग की गई। पुलिस की जवाबी कार्यवाही से नक्सली जंगल की आड़ लेकर भाग गये। इस मुठभेड़ में तर्रेम थाना के सब इंस्पेक्टर राजेश सूर्यवंशी घायल हुआ है।

सिपाही के साथ मारपीट करने वाला आरोपी जेल दाखिल

कोरबा (आरएनएस)। मारपीट की सूचना पर पहुंचे 112 टीम के सिपाही से मारपीट करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। घटना दीपका थाना के शांतिनगर में शराब दुकान के पीछे शुक्रवार शाम हुई थी। जहां दो भाई के बीच जमीन विवाद पर मारपीट हो रही थी। डायल.112 को दी गई सूचना पर इवेंट मिलने पर दीपका थाना क्षेत्र की 112 टीम मौके पर पहुंची, जिसमें शामिल सिपाही भूपेन्द्र सिंह कंवर ने वहां सूचनाकर्ता सुधीर चौधरी से जानकारी लेकर अनावेदक उदय चौधरी से पूछताछ की। तब उदय चौधरी ने दुव्यवहार करते हुए सिपाही को जातिगत गाली-गलौज कर धमकी दी।

किशोरी को अगवा कर किया दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

कोरबा (आरएनएस)। बुंदेली गांव में एक किशोरी को अगवा करने के साथ उसके साथ जबरिया दुष्कर्म करने वाले आरोपी को राजगामार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। चौकी प्रभारी सुरेश जोगी ने बताया कि पीड़ित पक्ष की रिपोर्ट पर इस मामले में आईपीसी की धारा 363, 366, 376, 323 और 4 पाक्सो एक्ट के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी लालाराम मझवार बुंदेली गांव का रहने वाला है जिसके द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया। पीड़िता ने अपने पिता के साथ पुलिस चौकी पहुंचकर इस बारे में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया गया कि आरोपी के द्वारा डाला फुसलाकर पीड़िता को अगवा किया गया और फिर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया। चौकी पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों को इस बारे में अवगत कराया और उनके निर्देश पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई एग्री कार्नीवाल 2022 : छत्तीसगढ़ की बहुमूल्य जैव विविधता के उपयोग से किसानों का आर्थिक विकास संभव : डॉ. चंदेल

- राज्य की 343 परंपरागत किस्मों के संरक्षण के लिए कृषक अधिकार मिला
- जैव विविधता संरक्षण एवं कृषक प्रजातियों का पंजीयन कार्यशाला एवं प्रदर्शनी'' आयोजित

रायपुर (आरएनएस)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ की जैव विविधता इस राज्य की अमूल्य सम्पदा है, जिसका समुचित उपयोग कर छत्तीसगढ़ को समृद्ध बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की इन परंपरागत किस्मों का उपयोग नवीन किस्मों के संवर्धन, अनुसंधान तथा उत्पादन हेतु किया जाना चाहिए। डॉ. चंदेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान की अनेक किस्मों में कैंसररोधी गुण होने की संभावना है, जिनका चिन्हाकन कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा किया गया है। इन किस्मों संरक्षण और संवर्धन कर इनके उत्पादन को बढ़ावा दिया जाना चाहिए तथा इनका उपयोग दवाओं के निर्माण में किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैव विविधता का संरक्षण कर किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कृषि मड़ई एग्री कार्नीवाल 2022 के चौथे दिन ''जैव विविधता संरक्षण एवं कृषक प्रजातियों का पंजीयन कार्यशाला एवं प्रदर्शनी'' को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता के मुख्य अधिकारी डॉ. जे.सी. राणा ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में पौध किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के संयुक्त पंजीयक डॉ. दीपल राय चौधरी, आई.सी.ए.आर. के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. राकेश भारद्वाज, डॉ. एम.एल. नायक उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजित प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए किसानों ने उनके द्वारा संरक्षित विभिन्न फसलों की परंपरागत किस्मों को प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. जे.सी. राणा ने कहा कि उनकी संस्था सम्पूर्ण भारतवर्ष में कृषि फसलों एवं औषधीय फसलों में जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में देश में जैव विविधता संरक्षण को बढ़ावा मिला है तथा किसानों द्वारा संरक्षित परंपरागत किस्मों का अधिकार प्राप्त हुआ है। पौध किस्म एवं कृषक अधिकार संरक्षण प्राधिकरण के संयुक्त पंजीयक डॉ. दीपल राय चौधरी ने बताया कि पी.पी.वी.एफ.आर. के तहत चार मुख्य बिन्दुओं के माध्यम से जी.आई. टेग की प्रक्रिया अपनाई जाती है। उन्होंने पौधा किस्मों की सुरक्षा व किसानों और पादप प्रजनकों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रभावी प्रणाली उपलब्ध कराना, नई पौधा किस्मों के विकास के लिए पादप आनुवांशिक संसाधनों को उपलब्ध कराने, उनके संरक्षण व सुधार में किसानों के योगदानों को सम्मान व मान्यता प्रदान करना, अनुसंधान एवं विकास तथा नई किस्मों के विकास के लिए निवेश को बढ़ाने हेतु पादप प्रजनकों के अधिकारों की सुरक्षा, उच्च गुणवत्तापूर्ण बीजों/रोपण सामग्री के उत्पादन व उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए बीज उद्योग की वृद्धि को सुविधाजनक बनाने की जानकारी दी। राष्ट्रीय पादप आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राकेश भारद्वाज ने इस अवसर पर कहा कि आज नवीन विकसित फसल प्रजातियों की उपज अधिक मिल रही है लेकिन उनमें पोषक तत्वों की कमी होती जा रही है, जबकि परंपरागत किस्मों में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में उपलब्ध होते हैं। उन्होंने कहा कि भोजन से मिलने वाली पोषकता में कमी के कारण आज तरह-तरह की व्याधियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि आवश्यकता इस बात की है कि नवीन प्रजातियों के विकास में परंपरागत किस्मों के पोषक गुणों को शामिल किया जाए।

नशे में दामाद ने जला दिया ससुराल का घर, अपराध दर्ज

कोरबा 17 अक्टूबर (आरएनएस)। शादी के 4 महीने बाद मेहमानी में ससुराल पहुंचे दामाद ने जमकर शराब पी। नशा चढऩे पर उसने ससुराल वालों को मारकर जेल जाने की धमकी देने लगा। रात में उसके डर से ससुराल वाले घर को ताला लगाकर पड़ोसी के घर में ठहरे। दूसरी ओर दामाद ने उनके घर में आग लगा दी।

जानकारी के अनुसार पसान के पिपरिया निवासी रामकली कुशराम ने अपनी बेटी सुनीता की शादी करीब 4 महीने पहले की। गौरेला के गोरखपुर गोड़ान टोला निवासी दामाद लवकुश सारथी गुरुवार को मेहमानी में ससुराल पहुंचा था, जहां उसने जमकर शराब पी और झगड़ा करने लगा। इसकी जानकारी लवकुश के घर वालों को फोन करके दी गई। इससे वह आक्रोशित हो गया। उसने सभी ससुरालियों को मारकर जेल जाने की धमकी दी। साथ ही घर को भी पेट्रोल छिडक़र आग लगा देने की बात कहने लगा। उसकी धमकियों से डरकर ससुराल वाले घर में ताला लगाकर रात में पड़ोसी के घर में ठहरे। दूसरी ओर दामाद लवकुश दीवार से उनके घर के छत पर चढ़ गया, जहां सीट को खोलकर अंदर पहुंचा और आग लगा दी। घटना के बाद वह छत से कूदकर भाग गया। घर में आग फैलने पर धुआं निकला तो गांव वालों को घटना की जानकारी हुई। उन्होंने किसी तरह वहां पहुंचकर आग बुझाया, लेकिन इस समय तक घर में रखे कपड़े, अलमारी में रखे 28 हजार रुपए समेत करीब 2 लाख रुपए कीमत का सामान जलकर खाक हो चुका था। पसान पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

दर्दनाक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

रायपुर (आरएनएस)। दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। घटना में पिता पुत्र और माँ शामिल है। घटना अभनपुर थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, गरियाबंद के फिंगेश्वर ग्राम पाली निवासी पिताम्बर साहू अपने पिता पुनितराम साहू और माता पार्वती साहू के साथ अपनी बहन के घर नायकबांधा अभनपुर जा रहा था। इस दौरान अभनपुर थाना क्षेत्र के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर रोड किनारे पेड़ से जा टकराई। हादसे में पिता पुनितराम साहू और माता पार्वती की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस हादसे के बाद गंभीर हालत के पिताम्बर को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल अभनपुर में भर्ती कराया गया था। यहां पर उसकी भी उपचार के दौरान मौत हो गई। इस घटना के बाद एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से मृतकों के ग्राम पाली में मातम पसरा हुआ है। पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर इसकी जांच शुरू कर दी है।

नक्सलियों ने चारगांव निक्को माइन्स में 4 वाहनों को किया आग के हवाले

कांकेर (आरएनएस)। जिले के सिकसोड़ थाना क्षेत्र अंर्तगत अंतागढ़ ब्लॉक के चारगांव में निक्को जैसवाल माइन्स में कच्चा लोहा परिवहन कार्य मे लगे दो हाईवा सहित एक बोलेरो एवं एक एसयूव्ही कार सहित कुल 04 वाहनों को बीती रात लगभग 01 बजे नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया है, वहीं दो वाहनों में तोडफ़ोड़ भी की गई है। मांईस से बाहर खड़ी निजी वाहन एक बोलेरो एवं एक एसयूव्ही कार में आगजनी किये जाने का कारण क्या है, इसकी जांच पुलिस कर रही है। उल्लेखनिय है कि कुछ दिन पूर्व इसी चारगांव में निक्को जैसवाल माइन्स में एक पूर्व उप सरपंच को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। नक्सली आगजनी की पुष्टि कांकेर एसपी शलभ सिन्हा ने की है।

तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक को रौंदा, पिता पुत्री सहित तीन लोगों की मौत

कोरबा (आरएनएस)। परिवार को छोडऩे ससुराल जा रहा युवक हादसे का शिकार हो गया। एक बच्ची सहित तीन लोगों की घटनास्थल पर मौत हो गई। मां बेटे को गंभीर चोटें आई है। घायलों को पास के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम खुज्जीपारा बाला का रहने वाला राजा मरपच्ची उम्र 27 वर्ष अपनी पत्नी कौशिल्या बाई उम्र 25 वर्ष पुत्री सोनिया उम्र छह वर्ष, ढाई वर्ष के पुत्र सुमित और अपने रिश्ते के भाई कुष्ण कुमार गोंड़ उम्र 24 वर्ष के साथ बाइक से अपने ससुराल जटगा जा रहा था। गुरसिया. जटगा मार्ग पर ग्राम सलिहांभाठा के पास सामने से आ रही बोलेरो ने बाइक को ठोकर मार दिया। सभी सडक़ पर गिर गए। सिर में गंभीर चोटें आई। घटनास्थल पर तीन लोगों की मौत हो गई। इसमें राजा मरपच्ची, सोनिया और कृष्ण कुमार गोंड़ शामिल है। घटना में कौशिल्या और उसके मासूम पुत्र सुमित को गंभीर चोटें आई है। दोनों को एम्बुलेंस से पोड़ी उपरोड़ा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। हायर सेंटर में उनका इलाज जारी है। पुलिस ने बांगो थाना में केस दर्ज किया है। बाइक को ठोकर मारने वाली बोलेरो की पतासाजी पुलिस कर रही है। इसके लिए आसपास के लोगों से जानकारी जुटा रही है।

घटना रविवार दोपहर लगभग एक बजे की बताई जा रही है। बाइक पर राजा मरपच्ची अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रिश्ते में भाई कृष्ण कुमार को बैठाकर अपने सुसराल एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। कृष्ण कुमार पसान थानांतर्गत ग्राम सिंदुरगढ़ का रहने वाला था। राजा मरपच्ची के घर रिश्तेदारी में पहुंचा था।

पुलिस बोलेरो व चालक की तलाश कर रही है। बोलेरो का रंग सफेद बताया जा रहा है। जबकि राजा मरपच्ची दुपहिया गाड़ी से परिवार के साथ जा रहा था। राजा गोवा में काम करता था। नवरात्री में अपने घर बाला खुज्जीपारा पहुंचा था। ससुराल में पत्नी और बच्चों को छोडऩे के बाद राजा को गोवा लौटना था। इसके पहले हादसे में उसकी मौत हो गई।

जंगल में जुआ फड़ पर पुलिस का छापा, तीन लाख सहित कार व मोटरसाकल जब्त

- 15 जुआरियों के खिलाफ मामला दर्ज

कोरबा (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के शिमला कहे जाने वाले चैतुरगढ़ के जंगल को जुआरियों ने अपने लिए सुरक्षित जगह समझ लिया है। यहां पर जुआ की फड़ कुछ दिन से लगने की सूचना पर पुलिस की टीम ने लाव-लश्कर के साथ छापे की कार्रवाई की। मौके से 15 लोग पकड़े गए हैं। उनके खिलाफ जुआ एक्ट का मामला दर्ज किया गया है। पिछली रात कोरबा जिले की साइबर पुलिस और पाली पुलिस ने संयुक्त रूप से यहां इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार काफी समय से दीपका और बांकीमोंगरा क्षेत्र में बंद जुआरियों की हरकतें शुरू हो गई है और उन्होंने नए सिरे से चैतुरगढ़ के जंगल को चुना है। ये लोग महंगे वाहन के साथ पूरी व्यवस्था करते हुए यहां पहुंच रहे थे। अधिकारियों को जानकारी देने के साथ पुलिस की टीम यहां पहुंची और परिणाम हासिल करने में सफल रही। अब तक की सूचना में बताया गया है कि घटना स्थल से 15 जुआरी पकड़े गए हैं। वे कोरबा और आसपास के जिले से संबंधित हैं। मौके पर तीन कार और 20 मोटर साइकिल जब्त की गई है। इसी के साथ 3 लाख 10 हजार रुपए नगदी रकम पुलिस के द्वारा जब्त करने की सूचना सार्वजनिक की गई है। विस्तृत ब्यौरा प्रतीक्षित है। खबर के मुताबिक संबंधित जुआरी अच्छे घरों के बताए जा रहे हैं जिन्हें जुआ खेलने की लत काफी समय से लगी हुई थी। वे अपनी किस्मत का निर्धारण करने के लिए जंगल जैसी जोखिम वाली जगह में जाने से भी संकोच नहीं कर रहे थे। छापे की कार्रवाई से उनकी प्रतिष्ठा मिट्टी में मिल गई।

करंट की चपेट में आकर पिता और दो पुत्र झुलसे

- कार्तिक मेला महोत्सव में हादसा : मैहर से आए थे अस्थाई दुकान लगाने

कोरबा (आरएनएस)। कोरबा के भिलाई बाजार के कार्तिक मेला महोत्सव में एक हादसा हुआ। 11 केवी करंट की चपेट में आकर पिता और उसके पुत्र झुलस गए। सभी को कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। इसमें एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ग्राम भिलाई बाजार में कार्तिक महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें दुकान लगाने के लिए मध्य प्रदेश के मैहर से सत्यम और शुभम पिता के साथ मेला में अस्थाई दुकान लगाने के लिए भिलाई बाजार पहुंचे थे। सत्यम दुकान लगाने के लिए घेरा डाल रहा था। लोहे की पाइप को खड़ा कर रहा था। इस बीच उपर से गुजरने वाली 11 केवी की लाइन से पाइप का सम्पर्क हो गया। करंट पाइप तक पहुंच गया। सत्यम पाइप से चिपक गया। सत्य की छुड़ाने के लिए उसका छोटा भाई शुभम अपने पिता के साथ दौडक़र पहुंचा। इसबीच दोनों करंट की चपेट में आ गए। करंट ने तीनों को चपेट में ले लिया। मेला स्थल पर अफरा तफरी मच गई। लोगों ने बांस बल्ली से मारकर पाइप को तार से अलग किया। तब तक सत्यम, शुभम और उनके पिता करंट की चपेट में आकर झुलस गए थे। सभी को भिलाई बाजार के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचा गया। हालत गंभीर होने पर तीनों को कोरबा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। सत्यम की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घटना के लिए मेला आयोजन समिति के पदाधिकारियों को जिम्मेदार माना जा रहा है। स्थाई दुकान लगाने के लिए उस स्थान का चयन नहीं किया जाना था, जहां उपर से 11 केवी की लाइन गुजर रही थी। आयोजन समिति ने जानते हुए सत्यम को 11 केवी लाइन के लिए दुकान लगाने के लिए कहा। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मुख्यमंत्री ने नवगठित 10 राजस्व अनुविभागों और 25 तहसीलों का किया उद्घाटन

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदेश में नवगठित 10 राजस्व अनुविभागों एवं 25 नवीन तहसीलों का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने नये अनुविभाग तिल्दा नेवरा, बागबाहरा, मालखरौदा, धमधा, बलरामपुर, राजपुर, भरतपुर, खडग़वां, भोपालपट्नम और भैरमगढ़ का उद्घाटन किया। इन अनुविभागों के उद्घाटन के बाद प्रदेश में 108 अनुविभाग होंगे।

मुख्यमंत्री बघेल ने कार्यक्रम में 25 नवीन तहसीलों मंदिरहसौद, धरसींवा, बेलरगांव, कोमाखान, सोनाखान, टुण्डरा, अमलीपदर, बेलतरा, जरहागांव, दीपका, मुकड़ेगा, कोटाडोल, पोड़ी (बचरा), औंधी, खडग़ांव, साल्हेवारा, लालबहादुर नगर, मर्री बंगला (देवरी), देवकर, भिंभौरी, नानगुर, भानपुरी, तोंगपाल, मर्दापाल, धनोरा का उद्घाटन किया। इन तहसीलों के उद्घाटन के बाद प्रदेश में तहसीलों की संख्या बढक़र 227 हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवीन अनुविभाग एवं तहसीलों की स्थापना से राज्य के सभी नागरिकों को लाभ पहुंचेगा, साथ ही शासकीय योजनाओं के सुचारू रूप से क्रियान्वयन एवं प्रशासकीय कामकाज में कसावट लाने में सुविधा होगी, शासन की योजनाएं एवं मूलभूत सुविधाएं आम जनता को आसानी से उपलब्ध होगी। विकास की रफ्तार भी बढ़ेगी।

नामांतरण पोर्टल के नये वर्जन का शुभारंभ

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास कार्यालय में वर्चुअल कार्यक्रम में प्रदेश में अविवादित नामांतरण एवं खाता विभाजन प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण हेतु नामांतरण प्रक्रिया को सरलीकृत करते हुए तैयार किए गए ऑनलाईन नामांतरण पोर्टल के नये वर्जन का शुभारंभ किया। पोर्टल के माध्यम से पंजीयन कार्यालय एवं नागरिकों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदन नामांतरण पंजी में स्वत: दर्ज होगा। जिसके पश्चात क्रेता से राजस्व न्यायालय अथवा ग्राम पंचायतों में नामांतरण किए जाने के संबंध में विकल्प लिया जाएगा। विकल्प के पश्चात आम ईश्तहार एवं व्यक्तिश: सूचना की प्रति विभागीय वेबसाइट में उपलब्ध होगी। नये वर्जन में पक्षकारों को प्रकरण दर्ज होने, प्रत्येक पेशी तारीख तथा आदेश पारित होने की तारीख एवं अभिलेख दुरूस्ती होने की सूचना एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी। प्रकरण में आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आदेश पारित किया जाएगा। आदेश पारित होने के 07 दिवस के भीतर हल्का पटवारी द्वारा अभिलेख दुरूस्ती कर डिजिटल हस्ताक्षर से सत्यापन किया जाएगा।